Prabhat Chaurasiya

1. हड़प्पावासियों की दफ़नाने की प्रथाओं के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
   1. हड़प्पावासी तीन प्रकार की दफ़नाने की प्रथा का पालन करते थे : पूर्ण दफ़नाना, आंशिक दफ़नाना और दाह दफ़नाना ।
   2. वे मृतकों को उत्तर-दक्षिण दिशा में रखते थे, अक्सर उनके साथ मिट्टी के बर्तन और औज़ार जैसे कब्र के सामान भी रखे जाते थे ।
   3. लोथल जैसे हड़प्पा स्थलों पर संयुक्त दफ़नाने के स्थल पाए गए ।

   ऊपर दिए गए कथनों में से कौन-से सही हैं ?
   (A) केवल 2 और 3
   (B) 1, 2 और 3
   (C) केवल 1 और 2
   (D) केवल 1 और 3

2. किसान नेता सहजानंद सरस्वती का संबंध किससे नहीं था ?
   (A) हुंकार हिन्दी साप्ताहिक
   (B) कृषक समाचार
   (C) बिहार प्रांतीय किसान सभा, 1929
   (D) बकाश्त आंदोलन

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।
   **कथन I :** जमींदारी एसोसिएशन, जिसे लैंडहोल्डर सोसाइटी के नाम से भी जाना जाता है, की स्थापना 1838 में औपनिवेशिक भारत में जमींदारों के हितों की रक्षा के लिए की गई थी ।
   **कथन II :** जमींदारी एसोसिएशन ने आम लोगों की समस्याओं के लिए आवाज़ उठाई और ग्रामीण आबादी को लाभ पहुँचाने वाले सुधारों की वकालत की ।

   उपरोक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?
   (A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं और कथन II, कथन I की सही व्याख्या नहीं है
   (B) कथन I सही है लेकिन कथन II गलत है
   (C) कथन I और कथन II दोनों सही हैं और कथन II, कथन I की सही व्याख्या है
   (D) कथन I गलत है लेकिन कथन II सही है

4. भारतमाला परियोजना अक्टूबर 2017 में प्रारम्भ की गई थी । इसमें स्वीकृत कुल राष्ट्रीय राजमार्ग की लम्बाई थी
   (A) 40,500 कि.मी.
   (B) 27,900 कि.मी.
   (C) 34,800 कि.मी.
   (D) 41,800 कि.मी.

5. यूक्रेन युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान के लिए UNGA द्वारा पारित प्रस्ताव के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं ?
   I. बैठक रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के तीन वर्ष पूरे होने पर शिकागो, अमेरिका (Chicago, USA) में आयोजित हुई ।
   II. इस प्रस्ताव पर 65 अनुपस्थित, 60 पक्ष में और 36 विपक्ष में वोट पड़े जो तनाव को कम करने की मांग के खिलाफ़ थे ।
   III. अमेरिका ने एक प्रतिद्वंद्वी प्रस्ताव 'The Path To Peace' शीर्षक से प्रस्तुत किया ।

   (A) केवल I और III
   (B) केवल III
   (C) उपरोक्त सभी
   (D) केवल II

6. श्वेत विद्रोह के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।
   1. इसने 1857 के विद्रोह के समान, भारत में ब्रिटिश नियंत्रण के लिए एक गंभीर खतरा उत्पन्न कर दिया था ।
   2. यह मुख्य रूप से भारतीय सिपाहियों की शिकायतों के कारण हुआ था, जिन्हें ब्रिटिश अधिकारियों द्वारा दुर्व्यवहार का अनुभव हुआ था ।

   ऊपर दिए गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?
   (A) केवल 2
   (B) 1 और 2 दोनों
   (C) केवल 1
   (D) न तो 1 न ही 2

7. एक कण को संदर्भ फ्रेम $S_1$ से देखने पर स्थिर पाया जाता है और उसी कण को दूसरे संदर्भ फ्रेम $S_2$ से देखने पर वह नियत वेग से गति करता हुआ पाया जाता है । निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(A) $S_2$ जड़त्वीय फ्रेम है लेकिन $S_1$ अजड़त्वीय फ्रेम है ।

(B) $S_1$ और $S_2$ दोनों जड़त्वीय फ्रेम हैं ।

(C) $S_1$ जड़त्वीय फ्रेम है लेकिन $S_2$ अजड़त्वीय फ्रेम है ।

(D) $S_1$ और $S_2$ दोनों अजड़त्वीय फ्रेम हैं ।

8. भारत का उपराष्ट्रपति बनने के लिए न्यूनतम आयु कितनी होनी चाहिए ?

(A) 30 वर्ष

(B) 35 वर्ष

(C) 25 वर्ष

(D) 40 वर्ष

9. निम्नलिखित में से कौन ऋग्वेद के मंडल IX की विशेषता है ?

(A) इसमें सोम पवमान को समर्पित स्तोत्र हैं, जो पवित्र शुद्धिकरण प्रक्रिया पर केंद्रित हैं ।

(B) इसमें ब्रह्मांड की रचना के बारे में दार्शनिक चिंतन प्रस्तुत है ।

(C) इसे कण्व वंश और अंगिरस कवियों का माना जाता है ।

(D) इसमें नदी सूक्त है, जो नदियों की पवित्र संस्थाओं के रूप में स्तुति करता है ।

10. एरिथ्रोमाइसिन के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है ?

(A) इसका उपयोग एंटीबायोटिक के रूप में किया जा सकता है

(B) इसे *सैचरोपोलिस्पोरा एरीथ्रिया* के स्ट्रेन से किण्वन द्वारा उत्पादित नहीं किया जा सकता है

(C) यह एक मैक्रोसाइक्लिक यौगिक है

(D) लीजियोनेलोसिस के लिए यह अच्छा असर करता है

11. 1927 में पटना में वेटरिनरी कॉलेज की स्थापना के लिए किस समिति का गठन किया गया था ?

(A) इरविन समिति

(B) सैयद फकरुद्दीन समिति

(C) नाथन समिति

(D) गणेश दत्त समिति

12. निम्नलिखित में से कौन-सी एक दुनिया की सबसे कमजोर मुद्राओं में से नहीं है ?

(A) लाओस लाओशियन किप (Laos Laotian Kip)

(B) ईरानी रियाल (Iranian Rial)

(C) लेबनानी पाउंड (Lebanese Pound)

(D) ओमानी रियाल (Omani Rial)

13. निम्नलिखित में से कौन-सा पृथक्करण के नियम का सही प्रतिनिधित्व करता है ?

(A) 3 : 1

(B) 1 : 2 : 1

(C) 9 : 3 : 3 : 1

(D) 1 : 1

14. आत्मा-निवासी नेमाटोड *Crassolabium dhritiae* की नई खोज के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं ?

I. यह केओंझार, ओडिशा (Keonjhar, Odisha) में खोजी गई थी ।

II. इसका नाम प्राणी सर्वेक्षण संस्थान (Zoological Survey of India) की निदेशक डॉ. मालती मुखर्जी (Dr. Malti Mukherjee) के नाम पर रखा गया ।

III. ये जीव पोषक तत्वों के पुनर्चक्रण और जैविक पदार्थों के विघटन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।

(A) I और III

(B) II और III

(C) केवल I

(D) केवल II



Scanned with OKEN Scanner

15. निम्नलिखित में से कौन-सी झील बिहार में स्थित है ?

(A) सांभर झील

(B) सुखना झील

(C) अनुपम झील

(D) कामा झील

16. दो प्रोटॉनों के बीच पारस्परिक बलों पर विचार करें, जो लगभग 1 फेम्टोमीटर ($10^{-15}$ m) की दूरी पर स्थित हैं । उनके बीच क्रियाशील विद्युतचुंबकीय, गुरुत्वाकर्षणीय और नाभिकीय बलों की मात्राओं का सही क्रम निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(A) विद्युतचुंबकीय > नाभिकीय > गुरुत्वाकर्षणीय

(B) नाभिकीय > विद्युतचुंबकीय > गुरुत्वाकर्षणीय

(C) गुरुत्वाकर्षणीय > विद्युतचुंबकीय > नाभिकीय

(D) नाभिकीय > गुरुत्वाकर्षणीय > विद्युतचुंबकीय

17. विटामिन $B_{12}$ के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं ?

a. इसे कोबालामिन भी कहा जाता है ।

b. यह कोबाल्ट परमाणु से बना होता है ।

c. इसमें कोरिन वलय होता है ।

सही विकल्प चुनें ।

(A) केवल b और c सत्य कथन हैं

(B) केवल a और c सत्य कथन हैं

(C) केवल a सत्य कथन है

(D) a, b और c सत्य कथन हैं

18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।

**कथन I :** पोलिगर्स का विद्रोह दक्षिण भारत में ब्रिटिश शासन के विरुद्ध सबसे शुरुआती विद्रोहों में से एक था, जो पोलिगर्स पर भारी भू-राजस्व की माँग थोपने से प्रेरित था ।

**कथन II :** पोलिगर्स पारंपरिक रूप से अपने नियंत्रण वाले क्षेत्रों में भू-राजस्व एकत्र करने के लिए ज़िम्मेदार थे और अंग्रेजों ने प्रत्यक्ष राजस्व संग्रह लागू करके इस अधिकार को कमज़ोर करने का प्रयास किया ।

उपरोक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं और कथन II, कथन I की सही व्याख्या नहीं है

(B) कथन I सही है लेकिन कथन II गलत है

(C) कथन I और कथन II दोनों सही हैं और कथन II, कथन I की सही व्याख्या है

(D) कथन I गलत है लेकिन कथन II सही है

19. नीचे दो कथन दिए गए हैं । एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है । इन दोनों कथनों पर ध्यान से विचार करके दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

**उक्ति (A) :** चुंबकस्थैतिकी (Magnetostatics) और वैद्युतस्थैतिकी (Electrostatics) में गाउस का नियम क्रमशः इस प्रकार है $\oint \vec{B} \cdot d\vec{S} = 0$ और $\oint \vec{E} \cdot d\vec{S} = \frac{q_{enclosed}}{\varepsilon_0}$ ।

**कारण (R) :** चुंबकीय एकध्रुव (Magnetic monopoles) अस्तित्व में नहीं होते, जबकि वैद्युत एकध्रुव (एकाकी आवेश) अस्तित्व में होते हैं ।

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं परन्तु (A) का सही स्पष्टीकरण (R) नहीं है

(B) (A) सत्य है परन्तु (R) असत्य है

(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (A) का सही स्पष्टीकरण (R) है

(D) (A) असत्य है परन्तु (R) सत्य है




Scanned with OKEN Scanner

20. संविधान का कौन–सा अनुच्छेद यह प्रावधान करता है कि किसी भी अपराध के आरोपी व्यक्ति को स्वयं के विरुद्ध गवाह बनने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता ?
(A) अनुच्छेद 20
(B) अनुच्छेद 22
(C) अनुच्छेद 21
(D) अनुच्छेद 23

21. त्रिलोचन–पाल के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन–से कथन सही हैं ?
1. ताम्रपत्र अभिलेखों में उन्हें महा–मंडलेश्वर की उपाधि दी गई थी ।
2. उनके अभिलेखों में एक ब्राह्मण को एकलहरा गाँव दान में दिए जाने का उल्लेख है ।
3. उनके वंश की पौराणिक उत्पत्ति चुलुका नामक एक बर्तन से मानी जाती है ।

नीचे दिए गए कोड का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए :
(A) केवल 2 और 3
(B) केवल 1 और 3
(C) केवल 1 और 2
(D) 1, 2 और 3

22. निम्नलिखित संरचना ________ की है ।




(A) यूरेसिल
(B) साइटोसिन
(C) एडेनिन
(D) थाइमिन

23. दीपंकर सृजिनाना किससे जुड़े बौद्ध विद्वान थे ?
(A) नालन्दा विश्वविद्यालय
(B) ओदंतपुरी विश्वविद्यालय
(C) विक्रमशिला विश्वविद्यालय
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

24. यह भारत में ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंकने के लिए 1904 में विनायक दामोदर सावरकर (वीडी सावरकर) और उनके भाई गणेश दामोदर सावरकर (बाबाराव सावरकर) द्वारा स्थापित एक गुप्त संस्था थी । इसने लंदन में भारतीय क्रांतिकारियों के साथ संबंध स्थापित किए और इंडिया हाउस समूह के साथ भी संपर्क स्थापित किया, जिससे भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय समर्थन बढ़ा ।
उपर्युक्त गद्यांश में निम्नलिखित में से किस क्रांतिकारी संगठन का वर्णन किया गया है ?
(A) अभिनव भारत
(B) युगांतर पार्टी
(C) अनुशीलन समिति
(D) ग़दर पार्टी

25. निम्न कथनों पर विचार करिए ।
1. 2019-20 में बिहार के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर का प्रतिशत भारत के जी.डी.पी. में वृद्धि दर के प्रतिशत से अधिक था ।
2. 2018-19 में बिहार के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर का प्रतिशत भारत के जी.डी.पी. में वृद्धि दर के प्रतिशत से कम था ।
3. 2023-24 में त्वरित अनुमान के अनुसार बिहार का जी.एस.डी.पी. में वृद्धि दर का प्रतिशत 9.2 था ।

उक्त कथनों में कितने सत्य हैं ?
(A) केवल 3
(B) केवल 1 तथा 3
(C) केवल 1 तथा 2
(D) सभी तीन


Scanned with OKEN Scanner

26. एक कार एक सीधी सड़क पर चलती है । वह पहले विस्थापन x को नियत वेग $v_1$ से तय करती है और फिर उतना ही बराबर विस्थापन x को नियत वेग $v_2$ से तय करती है । पूरी यात्रा के लिए कार का औसत वेग (average velocity) क्या होगा ?

(A) $\sqrt{v_1 v_2}$

(B) $\frac{2v_1 v_2}{v_1 + v_2}$

(C) $\frac{v_1 + v_2}{2}$

(D) $\frac{v_1^2 + v_2^2}{v_1 + v_2}$

27. निम्नलिखित में से कौन–सा नगर बिहार के पश्चिमी भाग में स्थित है ?

(A) पटना

(B) कटिहार

(C) भागलपुर

(D) कैमूर

28. एक प्रत्यावर्ती धारा (AC) परिपथ में, धारा और वोल्टता के बीच का फेज़ संबंध परिपथ के अवयवों पर निर्भर करता है । कॉलम – I की प्रविष्टियों का कॉलम – II में दिए गए उपयुक्त संबंधों से मिलान करें ।

| **कॉलम – I (परिपथ का प्रकार)** | **कॉलम – II (धारा और वोल्टता के बीच फेज़ संबंध)** |
|---|---|
| i. शुद्ध प्रतिरोध (R) | p. धारा वोल्टता से 90° आगे रहती है |
| ii. शुद्ध धारिता (C) | q. धारा और वोल्टता समान फेज़ में होती हैं |
| iii. शुद्ध प्रेरकत्व (L) | r. धारा और वोल्टता समान फेज़ में भी हो सकती हैं या नहीं भी |
| iv. R – L – C श्रेणी परिपथ | s. धारा वोल्टता से 90° पीछे रहती है |

सही मिलान का विकल्प चुनिए :

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (A) | q | p | s | r |
| (B) | s | r | p | q |
| (C) | p | s | q | r |
| (D) | q | s | p | r |

29. सत्यशोधक समाज के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।

1. इसका मुख्य उद्देश्य ब्राह्मणवादी प्रभुत्व को चुनौती देना और निचली जातियों के लिए समानता को बढ़ावा देना था ।
2. इसने महिलाओं और निचली जातियों के लिए सार्वभौमिक शिक्षा की दिशा में काम किया ।
3. समाज ने अस्पृश्यता के विचार को एक आवश्यक सामाजिक प्रथा के रूप में बढ़ावा दिया ।

ऊपर दिए गए कथनों में से कितने सही हैं ?

(A) केवल दो

(B) सभी तीनों

(C) केवल एक

(D) इनमें से कोई नहीं

30. मार्च 2025 में बारबाडोस (Barbados) में आयोजित Sustainable Energy for All Global Forum का विषय क्या था ?

(A) Competitive, Collective, Climate Neutral

(B) Just Transformation

(C) Sustainable Energy for Equity, Security and Prosperity

(D) From Goals to actions : Power the Future with Sustainable Energy

31. बेरियम मुख्यत: निम्नलिखित अयस्कों में पाया जाता है

(A) केवल विथेराइट

(B) दोनों बैराइट और विथेराइट

(C) केवल बैराइट

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं



Scanned with OKEN Scanner

32. प्राचीन भारतीय प्रशासन में 'भंडागारिक' की भूमिका के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ?

(A) वे संघों के लेन-देन और सम्मेलनों का रिकॉर्ड रखते थे, जैसा कि निग्रोध जातक में उल्लेख किया गया है ।

(B) वे मौर्य साम्राज्य में मुख्य कर संग्राहक के रूप में कार्य करते थे ।

(C) वे सैन्य प्रशिक्षण के लिए उत्तरदायी अधिकारी थे ।

(D) वे शाही खजाने और सिक्कों की ढलाई का प्रबंधन करते थे ।

33. संविधान का कौन-सा अनुच्छेद यह प्रावधान करता है कि सर्वोच्च न्यायालय और प्रत्येक उच्च न्यायालय में सभी कार्यवाही अंग्रेजी भाषा में होगी ?

(A) अनुच्छेद 348

(B) अनुच्छेद 350

(C) अनुच्छेद 345

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

34. 2024-25 के बजट अनुमान के अनुसार बिहार का सकल राजकोषीय घाटा का प्रतिशत इसके जी.एस.डी.पी. का था

(A) 3.8

(B) 4.2

(C) 3.0

(D) 5.1

35. बिहार के भौगोलिक क्षेत्र का लगभग कितने प्रतिशत भाग वन क्षेत्र के अंतर्गत आता है ?

(A) 7%

(B) 11%

(C) 5%

(D) 13%

36. एम. एस. एम. ई. अधिनियम के अनुसार लघु उद्योग की नवीनतम परिभाषा आधारित है

(A) निर्माणी क्षेत्र में विनियोग

(B) सेवा क्षेत्र में उत्पादन

(C) केवल विनियोग

(D) सभी क्षेत्रों में विनियोग तथा वार्षिक उत्पादन

37. नीचे दो कथन दिए गए हैं । एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है । इन दोनों कथनों पर ध्यान से विचार करके दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

**अभिकथन (A)** : 2021 से 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस (Janjatiya Gaurav Diwas) के रूप में मनाया जाता है ताकि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी समुदायों के योगदान को सम्मानित किया जा सके ।

**कारण (R)**: यह दिवस तिलका मांझी (Tilka Manjhi) की जयंती को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है ।

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है

(B) (A) सत्य है, (R) असत्य है


(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है

(D) (A) असत्य है, (R) सत्य है



Scanned with OKEN Scanner

38. एक आदर्श गैस को p-V आरेख में दर्शाए गए अनुसार ABCA बंद चक्र में ले जाया जाता है । बिंदुओं के निर्देशांक हैं : A(V, p); B(3V, 4p); C(3V, p) । एक पूर्ण चक्र के दौरान किया गया कार्य (work done) कितना होगा ?




(A) 2pV

(B) 3pV

(C) pV

(D) 6pV

39. निम्नलिखित सूची – I (द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास) और सूची – II (देशों) का मिलान करें ।

| सूची – I (द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास) | सूची – II (देशों) |
|---|---|
| 1. वरुणा नौसेना (Varuna Naval) | a. भारत – फ्रांस (India – France) |
| 2. धर्म गार्डीयन (Dharma Guardian) | b. भारत – जापान (India – Japan) |
| 3. एकुवेरिन (Ekuverin) | c. भारत – मालदीव (India – Maldives) |
| 4. साइक्लोन (Cyclone) | d. भारत – मिस्र (India – Egypt) |

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (A) | a | b | c | d |
| (B) | c | b | a | d |
| (C) | d | b | c | a |
| (D) | a | b | d | c |

40. 1917 में महात्मा गांधी ने एक आंदोलन का नेतृत्व किया, जिसने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी पहली बड़ी भागीदारी को चिह्नित किया । इस आंदोलन का उद्देश्य दमनकारी नीतियों से पीड़ित नील उत्पादकों की शिकायतों का समाधान करना था ।

**कथन (A) :** चंपारण सत्याग्रह भारत में गांधी का पहला बड़ा जन आंदोलन था ।

**कारण (R) :** इस आंदोलन का उद्देश्य नील उत्पादकों के सामने आने वाली समस्याओं का समाधान करना था ।

सही विकल्प चुनें :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है

(C) (A) सत्य है लेकिन (R) असत्य है

(D) (A) असत्य है लेकिन (R) सत्य है

41. भारतीय जनता पार्टी कितने वर्षों बाद दिल्ली में सत्ता में लौटी ?

(A) 24 वर्ष

(B) 27 वर्ष

(C) 21 वर्ष

(D) 29 वर्ष

42. जोजिला दर्रा मध्य में पड़ता है

(A) कश्मीर और पाकिस्तान

(B) कश्मीर और हिमाचल

(C) कश्मीर घाटी और लद्दाख

(D) कश्मीर और तिब्बत

6222465



Scanned with OKEN Scanner

43. नीचे दो कथन दिए गए हैं । एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है । इन दोनों कथनों पर ध्यान से विचार करके दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

**अभिकथन (A)** : भ्रष्टाचार (Corruption) जलवायु कार्रवाई के लिए एक प्रमुख खतरा है ।

**कारण (R)** : यह उत्सर्जन में कमी और वैश्विक ताप के प्रभावों के अनुकूलन में बाधा डालता है ।

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं पर (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है

(B) (A) सत्य है, (R) असत्य है

(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है

(D) (A) असत्य है, (R) सत्य है

44. 1919 में बिहार और उड़ीसा में प्रारंभिक शिक्षा अधिनियम लागू किया गया था जिसमें किस आयु के बच्चों के लिए अनिवार्य शिक्षा पारित की गई थी ?

(A) 5 – 7 वर्ष

(B) 3 – 5 वर्ष

(C) 6 – 10 वर्ष

(D) 4 – 8 वर्ष

45. अप्रैल 2022 में भारत सरकार द्वारा निम्न में से किसे भौगोलिक संकेत (Geographical Indication Tag) प्रदान किया गया है ?

(A) नालन्दा मखाना

(B) मिथिला मखाना

(C) दरभंगा मखाना

(D) वैशाली मखाना

46. ब्रिटिश काल के दौरान भारत में पहली बार स्थापित निम्नलिखित प्रकार के उद्योगों और मिलों को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें ।

1. पहली कपास मिल
2. पहली जूट मिल
3. पहली कागज़ मिल
4. पहला इस्पात संयंत्र

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(A) 1 – 3 – 2 – 4

(B) 2 – 1 – 4 – 3

(C) 1 – 2 – 3 – 4

(D) 2 – 3 – 1 – 4

47. निम्नलिखित में से कौन-से राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों में शामिल हैं ?

1. पुरुषों और महिलाओं के लिए समान कार्य के लिए समान वेतन ।
2. काम करने का अधिकार ।
3. बेरोजगारी की स्थिति में सार्वजनिक सहायता ।

नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए ।

(A) 2 और 3

(B) उपरोक्त में से कोई नहीं

(C) 1 और 2

(D) उपरोक्त सभी



Scanned with OKEN Scanner

48. निम्नलिखित लेंस/दर्पणों का उनके सही उपयोगों के साथ मिलान कीजिए ।

| कॉलम – I (लेंस/दर्पण) | कॉलम – II (उपयोग) |
|---|---|
| i. अवतल दर्पण (Concave mirror) | p. कैमरों और प्रोजेक्टरों में प्रकाश को फोकस करने के लिए उपयोग किया जाता है |
| ii. उत्तल दर्पण (Convex mirror) | q. मायोपिया (निकट दृष्टिदोष) को सुधारने में उपयोग किया जाता है |
| iii. उत्तल लेंस (Convex lens) | r. वाहनों में पीछे देखने (rear-view) के लिए उपयोग किया जाता है |
| iv. अवतल लेंस (Concave lens) | s. शेविंग में आवर्धित सीधी प्रतिबिंब (magnified upright image) प्राप्त करने के लिए उपयोग किया जाता है |

सही मिलान का विकल्प चुनिए :

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (A) | s | r | p | q |
| (B) | s | r | q | p |
| (C) | r | s | p | q |
| (D) | r | s | q | p |

49. भारत की प्राचीनतम पर्वतीय रेंज है

(A) अरावली

(B) ग्रेटर हिमालय

(C) शिवालिक

(D) हिमाचल हिमालय

50. 10 जनवरी 2025 को भारत ________ देश बना जिसने निम्न पृथ्वी कक्षा (Low Earth Orbit) में उपग्रह डॉकिंग प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की ।

(A) पाँचवाँ

(B) तीसरा

(C) चौथा

(D) छठा

51. 'सुपरग्लू' किस मोनोमर का बहुलक है ?

(A) एसिटिक अम्ल

(B) साइनो एक्रिलेट

(C) सोडियम बेंजोएट

(D) विनाइल क्लोराइड

52. *कर्पूरमंजरी* नाटक के बारे में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही है ?

(A) यह राजशेखर द्वारा अपनी पत्नी अवंतीसुंदरी को प्रसन्न करने के लिए सौरसेनी प्राकृत में लिखा गया था ।

(B) यह कालिदास की एक प्रसिद्ध रचना है जो गुप्त राजाओं की प्रशंसा करती है ।

(C) यह भोज प्रथम द्वारा अपनी पत्नी को प्रसन्न करने के लिए संस्कृत में लिखा गया था ।

(D) इसकी रचना नागभट्ट द्वितीय के शासनकाल में हुई थी ।

53. पंचायतों का अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार (पेसा) अधिनियम के बारे में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सत्य है ?

1. इसे 1996 में अधिनियमित किया गया था ।
2. यह अनुसूचित V क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को वैधानिक दर्जा प्रदान करता है ।
3. अधिनियम की धारा 4(i) के अनुसार विकास परियोजनाओं के लिए किसी भी भूमि अधिग्रहण से पहले ग्राम सभा या पंचायत की सहमति आवश्यक है ।

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें ।

(A) 1 और 2

(B) 2 और 3

(C) केवल 1

(D) उपर्युक्त सभी



Scanned with OKEN Scanner

54. 22 सितम्बर 2025 से जी. एस. टी. दरों का सरलीकरण किया गया है । सूची – I की वस्तुओं और सेवाओं का मिलान सूची – II की कर दरों से कीजिए ।

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| a. बर्तन धोने की मशीन | 1. 40% |
| b. व्यापारिक योगा सेवाएँ | 2. 18% |
| c. स्वास्थ्य बीमा पर प्रीमियम | 3. 5% |
| d. 1500 सी.सी. से अधिक इंजन क्षमता वाली एस.यू.वी. | 4. शून्य |

दिए गए कोड के आधार पर सही उत्तर का चयन करें :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (B) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (C) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (D) | 2 | 3 | 4 | 1 |

55. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये ।

| सूची – I (राष्ट्रीय उद्यान) | सूची – II (अवस्थिति) |
|---|---|
| a. काजीरंगा | 1. चिकमगलूरू |
| b. कुद्रेमुख | 2. पालघाट |
| c. साइलेंट वैली | 3. नागपुर |
| d. पेंच घाटी | 4. गोलाघाट नवगाँव |

कूट :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (D) | 1 | 3 | 4 | 2 |

56. निम्नलिखित सूचियों का मिलान करें ।

| सूची – I (पुरस्कार) | सूची – II (विषय क्षेत्र) |
|---|---|
| 1. रेमन मैग्सेसे पुरस्कार (Ramon Magsaysay Award) | a. विज्ञान कथा (Science Fiction) |
| 2. पुलित्ज़र पुरस्कार (Pulitzer Prize) | b. पत्रकारिता, साहित्य, संगीत (Journalism, Literature, Music) |
| 3. टेम्पलटन पुरस्कार (Templeton Prize) | c. एशिया का सर्वोच्च सम्मान (Asia's Highest Honour) |
| 4. ह्यूगो पुरस्कार (Hugo Award) | d. आध्यात्मिक, धार्मिक (Spiritual, Religious) |

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (A) | b | d | a | c |
| (B) | c | b | d | a |
| (C) | c | a | b | d |
| (D) | b | d | c | a |

57. बहुआयामी गरीबी सूचकांक निम्न में से किसमें सम्मिलित किया गया है ?

(A) मानव विकास प्रतिवेदन

(B) विश्व भुखमरी प्रतिवेदन

(C) विश्व विकास प्रतिवेदन

(D) विश्व व्यापार प्रतिवेदन



Scanned with OKEN Scanner

58. निम्नलिखित संस्थानों का उनके स्थापना वर्षों से मिलान करें ।

| संस्थानों | स्थापना वर्ष |
|---|---|
| 1. पटना कॉलेज | i. 1921 |
| 2. प्रिंस ऑफ वेल्स मेडिकल कॉलेज | ii. 1863 |
| 3. बिहार विद्यापीठ | iii. 1900 |
| 4. बिहार स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग | iv. 1940 |
| 5. पटना महिला कॉलेज | v. 1925 |

| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| (A) | v | iii | iv | i | ii |
| (B) | i | iv | ii | iii | v |
| (C) | ii | v | i | iii | iv |
| (D) | iii | iv | i | v | ii |

59. नीचे दो कथन दिए गए हैं । एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है । इन दोनों कथनों पर ध्यान से विचार करके दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

**उक्ति (A) :** सरल आवर्त गति (Simple Harmonic Motion) में, कण की स्थितिज ऊर्जा (Potential Energy) चरम स्थितियों (Extreme Positions) पर अधिकतम होती है ।

**कारण (R) :** चरम स्थितियों पर कण का वेग (Velocity) अधिकतम होता है ।

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं परंतु (A) का सही स्पष्टीकरण (R) नहीं है

(B) (A) सत्य है परंतु (R) असत्य है

(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (A) का सही स्पष्टीकरण (R) है

(D) (A) असत्य है परंतु (R) सत्य है

60. सूची – I और सूची – II का सुमेल कीजिये तथा नीचे दिए गये कूट से सही उत्तर चुनिए ।

| सूची – I (उद्योग) | सूची – II (केन्द्र) |
|---|---|
| a. चीनी | 1. राउरकेला |
| b. कागज | 2. महोली |
| c. सीमेंट | 3. चन्द्रहाटी |
| d. लोहा एवं इस्पात | 4. सवाई माधोपुर |

कूट :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 4 | 2 | 3 | 1 |

61. हीमोग्लोबिन रक्त में ऑक्सीजन पहुँचाता है और यह ________ युक्त यौगिक है ।

(A) कॉपर

(B) मैग्नीशियम

(C) जिंक

(D) आयरन

62. भारत में फ्रांसीसी ईस्ट इंडिया कंपनी की गतिविधियों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।

1. *कंपनी (Compagnie) डेस इंडेस ओरिएंटेल्स* की स्थापना लुई XIV ने 1664 में की थी और उसे भारतीय और प्रशांत महासागरों में फ्रांसीसी व्यापार पर 50 साल का एकाधिकार दिया गया था ।
2. कंपनी ने 1674 में भारत में फ्रांसीसी शक्ति के केंद्रीय केंद्र के रूप में पांडिचेरी की स्थापना की ।
3. 1697 में रिसविक की संधि ने फ्रांसीसियों को डचों के किसी भी हस्तक्षेप के बिना भारत में अपने क्षेत्रों को बनाए रखने की अनुमति दी ।
4. फ्रांसीसी ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपने शुरुआती वर्षों के दौरान मेडागास्कर में सफलतापूर्वक स्थायी उपनिवेश स्थापित किए ।

ऊपर दिए गए कथनों में से कितने सही हैं ?

(A) केवल दो
(B) केवल तीन
(C) केवल एक
(D) सभी चार

63. निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही है ? जब तापमान बढ़ता है,

(A) अर्धचालक का रोधकत्व घटता है, जबकि चालक का रोधकत्व बढ़ता है ।
(B) अर्धचालक और चालक दोनों का रोधकत्व बढ़ता हैं ।
(C) अर्धचालक का रोधकत्व बढ़ता है, जबकि चालक का रोधकत्व घटता है ।
(D) अर्धचालक और चालक दोनों का रोधकत्व घटता हैं ।

64. नीचे दो कथन दिए गए हैं । एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है । इन दोनों कथनों पर ध्यान से विचार करके दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

**कथन (A) :** वाष्पोत्सर्जन रस के ऊपर उठने में सहायक होता है ।

**कारण (R) :** वाष्पोत्सर्जन जड़ों में परासरणीय दाब बढ़ाता है ।

(A) दोनों (A) और (R) सत्य हैं परंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(B) (A) सत्य है पर (R) असत्य है
(C) दोनों (A) और (R) सत्य हैं तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है
(D) (A) असत्य है पर (R) सत्य है

65. 2010 में वंसधारा जल विवाद न्यायाधिकरण की स्थापना निम्नलिखित में से किन राज्यों के बीच के जल विवाद को सुलझाने के लिए की गई थी ?

(A) कर्नाटक और तमिलनाडु
(B) गोवा, कर्नाटक और महाराष्ट्र
(C) ओडिशा और आंध्र प्रदेश
(D) ओडिशा और छत्तीसगढ़

66. आर्थिक विकास से सम्बन्धित जनांकिकी संक्रमण की निम्न अवस्थाओं पर विचार करें :

I. उच्च जन्म दर के साथ निम्न मृत्यु दर
II. निम्न जन्म दर के साथ निम्न मृत्यु दर
III. उच्च जन्म दर के साथ उच्च मृत्यु दर

उक्त अवस्थाओं को सही क्रमानुक्रम में दिए गए कोड के आधार पर व्यवस्थित करें :

(A) III, II, I
(B) III, I, II
(C) I, III, II
(D) II, I, III



Scanned with OKEN Scanner

67. दो अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा पर 10 मीटर की दूरी पर खड़े हैं । अंतरिक्ष यात्री A, अंतरिक्ष यात्री B की ओर चिल्लाता है और साथ ही एक प्रकाश संकेत (light signal) भी भेजता है । निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(A) अंतरिक्ष यात्री A से निकलने वाली ध्वनि और प्रकाश दोनों समान वेग से अंतरिक्ष यात्री B तक पहुँचेंगे ।

(B) अंतरिक्ष यात्री A से भेजा गया प्रकाश संकेत, अंतरिक्ष यात्री B तक पहुँचेगा परंतु ध्वनि नहीं पहुँचेगी ।

(C) अंतरिक्ष यात्री A से निकलने वाली ध्वनि और प्रकाश दोनों, अंतरिक्ष यात्री B तक पहुँचेंगे परंतु प्रकाश थोड़ा पहले पहुँचेगा ।

(D) अंतरिक्ष यात्री A से न तो ध्वनि और न ही प्रकाश, अंतरिक्ष यात्री B तक पहुँचेगा ।

68. भारत की निम्नलिखित झीलों में से कौन असम में स्थित है ?

(A) हमीरसर झील

(B) कोलेरु झील

(C) चपनाला झील

(D) सला झील

69. किस भारतीय ओपनर को बीसीसीआई पुरस्कार 2025 में सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेटर चुना गया ?

(A) शेफाली वर्मा (Shafali Verma)

(B) स्नेह राणा (Sneh Rana)

(C) स्मृति मंधाना (Smriti Mandhana)

(D) हरमनप्रीत कौर (Harmanpreet Kaur)

**70.** भारत में पंचायतों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।

1. बीस लाख से कम जनसंख्या वाले राज्यों को मध्यवर्ती स्तर पर पंचायतों का गठन न करने का विकल्प दिया गया है ।
2. कोई भी व्यक्ति जो इक्कीस वर्ष की आयु प्राप्त कर चुका है, पंचायत सदस्य के रूप में चुने जाने के लिए पात्र है ।
3. पंचायतों से संबंधित प्रावधान केंद्र शासित प्रदेशों पर लागू नहीं होते ।

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें ।

(A) 1 और 2

(B) उपर्युक्त सभी

(C) केवल 1

(D) 2 और 3

**71.** निम्नलिखित का मिलान करें ।

| | **सूची – I (त्योहार)** | | **सूची – II (राज्य)** |
|---|---|---|---|
| I. | म्योको उत्सव (Myoko Festival) | a. | अरुणाचल प्रदेश (Arunachal Pradesh) |
| II. | चपचार कुट (Chapchar Kut) | b. | मणिपुर (Manipur) |
| III. | सेक्रेनी (Sekrenyi) | c. | मिज़ोरम (Mizoram) |
| IV. | संगाई (Sangai) | d. | नागालैंड (Nagaland) |

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | a | c | d | b |
| (B) | b | d | a | c |
| (C) | b | a | d | c |
| (D) | a | b | c | d |

[ P.T.O.



Scanned with OKEN Scanner

72. गुहिलोतों/सिसोदिया, राठौर और कछवाहों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. गुहिलोतों ने चित्तौड़ को अपनी राजधानी बनाकर मेवाड़ पर शासन किया ।
2. राठौर वंश के सवाई जयसिंह मुगलों के अधीन एक उच्च पदस्थ कुलीन थे ।
3. कछवाहों के मानसिंह अकबर के एक विश्वसनीय सेनापति थे ।
4. सिसोदिया वंश के महाराणा प्रताप ने हल्दीघाटी के यद्ध में अकबर के विरुद्ध युद्ध लड़ा था ।
5. कछवाहों के जसवंत सिंह एक खगोलशास्त्री भी थे ।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(A) केवल 2, 3 और 4
(B) केवल 1, 3 और 4
(C) केवल 1, 2, 3 और 5
(D) केवल 1, 3, 4 और 5

73. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए ।

| सूची – I (संविधान का अनुच्छेद) | सूची – II (मौलिक कर्त्तव्य) |
| --- | --- |
| a. अनुच्छेद 51 A (c) | 1. 6 से 14 वर्ष के बीच के अपने बच्चों/वार्ड को शिक्षित करना |
| b. अनुच्छेद 51 A (f) | 2. भारत की संप्रभुता को अक्षुण्ण रखना |
| c. अनुच्छेद 51 A (k) | 3. हमारी मिश्रित संस्कृति की समृद्ध विरासत को महत्व देना और संरक्षित करना |
| d. अनुच्छेद 51 A (i) | 4. सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना |

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें :

| | a | b | c | d |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (D) | 1 | 4 | 2 | 3 |

74. एक अति क्रांतिक द्रव तब बनता है जब

(A) किसी पदार्थ को उसके क्रांतिक ताप से बहुत नीचे गर्म किया जाता है
(B) किसी पदार्थ को पूरी तरह जला दिया जाता है
(C) किसी पदार्थ को उसके क्रांतिक ताप से ऊपर गर्म किया जाता है
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

75. संवैधानिक और शैक्षिक सुधारों के प्रति लॉर्ड डलहौजी के दृष्टिकोण ने 19 वीं शताब्दी के मध्य में ब्रिटिश औपनिवेशिक नीति में निम्नलिखित में से किस व्यापक प्रवृत्ति को प्रतिबिंबित किया ?

(A) सीमित उदार सुधारों के माध्यम से साम्राज्यवादी नियंत्रण का सुदृढ़ीकरण ।
(B) प्रशासनिक दक्षता पर मिशनरी गतिविधियों को प्राथमिकता देना ।
(C) भारतीय प्रतिनिधियों को राजनीतिक शक्ति का क्रमिक हस्तांतरण ।
(D) 1853 के चार्टर अधिनियम के तहत पूर्ण स्वशासन की ओर संक्रमण ।

76. निम्नलिखित में से ग्लाइकोलिसिस के बारे में कौन-सा कथन सही है ?

(A) इसे ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है
(B) यह साइटोप्लाज्म में होता है
(C) यह माइटोकॉन्ड्रिया में होता है
(D) यह सीधे कार्बन डाइऑक्साइड उत्पन्न करता है



Scanned with OKEN Scanner

77. सूची – I तथा सूची – II का मिलान करें ।

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| a. काली क्रान्ति | 1. दूध |
| b. नीली क्रान्ति | 2. खाद्य फसल |
| c. सफेद क्रान्ति | 3. पेट्रोलियम |
| d. हरित क्रान्ति | 4. मछली |

दिए गए कोड से सही उत्तर का चयन करें :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (B) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (C) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 1 | 3 | 2 |

78. निम्नलिखित में से कौन-से भारतीय-अमेरिकी Trump 2.0 Cabinet का हिस्सा हैं ?

I. कश्यप काश पटेल (Kashyap Kash Patel)

II. हरमीत ढिल्लों (Harmeet Dhillon)

III. डॉ. जय भट्टाचार्य (Dr. Jay Bhattacharya)

(A) केवल I और III

(B) केवल II और III

(C) केवल I

(D) उपरोक्त सभी

79. भारत में निम्नलिखित जलप्रपातों में से कौन गोवा में स्थित है ?

(A) धुआंधार जलप्रपात

(B) दूधसागर जलप्रपात

(C) लैण्डसिंग जलप्रपात

(D) नोखालीकई जलप्रपात

80. आनुवंशिकी (जेनेटिक्स) के जनक के रूप में किसे जाना जाता है ?

(A) चार्ल्स डार्विन

(B) थॉमस हंट मॉर्गन

(C) वाटसन और क्रिक

(D) ग्रेगर मेंडल

81. भारत में रिट क्षेत्राधिकार (writ jurisdiction) के बारे में निम्नलिखित वाक्यों पर विचार करें ।

1. रिट क्षेत्राधिकार मूल क्षेत्राधिकार का एक रूप है, अपीलीय क्षेत्राधिकार का नहीं ।

2. इसे उच्च न्यायालयों या सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी किया जा सकता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

82. पौधों में जल का परिवहन मुख्य रूप से किस ऊतक के माध्यम से होता है ?

(A) ज़ाइलम

(B) कैम्बियम

(C) फ्लोएम

(D) कॉर्टेक्स

83. ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी, जो शुरू में एक व्यापारिक संस्था थी, ने धीरे-धीरे विभिन्न तरीकों से भारतीय क्षेत्रों पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लिया । यह नीति लॉर्ड डलहौजी द्वारा लागू की गई, जिससे भारतीय शासकों में व्यापक आक्रोश फैल गया ।

**कथन (A) :** हड़प नीति ब्रिटिश क्षेत्रों का विस्तार करने के लिए लागू की गई थी ।

**कारण (R) :** इसने अंग्रेजों को बिना किसी प्रत्यक्ष पुरुष उत्तराधिकारी वाले राज्यों को अपने में मिलाने की अनुमति दी ।

सही विकल्प चुनें :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

(B) (A) सत्य है लेकिन (R) असत्य है

(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है

(D) (A) असत्य है लेकिन (R) सत्य है



Scanned with OKEN Scanner

**84.** फ्लोएम परिवहन में दाब प्रवाह परिकल्पना को निम्नलिखित में से कौन–सा सबसे अच्छा समझाता है ?

(A) स्रोत और सिंक के बीच परासरणीय दाब का अंतर

(B) केवल ज़ाइलम के माध्यम से जल का प्रवाह

(C) शर्करा का सक्रिय परिवहन सिंक से स्रोत तक

(D) परिवहन केवल गुरुत्वाकर्षण पर निर्भर करता है

**85.** $H_2O + C \longrightarrow H_2 + CO$

उपरोक्त अभिक्रिया निम्नलिखित का उदाहरण है

(A) जल गैस अभिक्रिया

(B) वैकर प्रक्रिया

(C) ज़िग्लर–नाटा प्रक्रिया

(D) एल्डोल सघनन

**86.** प्लाज़्मा मेम्ब्रेन का द्रव मोज़ेइक मॉडल किसके द्वारा प्रस्तावित किया गया था ?

(A) सिंगर और निकोलसन

(B) रॉबर्टसन

(C) वाटसन और क्रिक

(D) हुक

**87.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।

i. मेंडल को आनुवंशिकी (जेनेटिक्स) का जनक कहा जाता है ।

ii. लॉ ऑफ सेग्रीगेशन कहता है कि प्रत्येक गैमिट एक लक्षण के लिए दो ऐलील प्राप्त करता है ।

iii. एकसंकरित संकरण (मोनोहाइब्रिड क्रॉस) में, F2 फेनोटाइपिक अनुपात 3 : 1 होता है ।

iv. लॉ ऑफ इंडिपेंडेंट असॉर्टमेंट का नियम केवल विभिन्न गुणसूत्रों पर उपस्थित लक्षणों के लिए ही कार्य करता है ।

केवल सही कथनों के समूह का चयन करें :

(A) i और iii

(B) i, iii और iv

(C) i और ii

(D) ii, iii और iv

**88.** नीचे दो कथन दिए गए हैं । एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।

**कथन (A)** : बिहार देश का एक पिछड़ा राज्य है ।

**कारण (R)** : यहाँ के विकास स्तर में क्षेत्रीय असमानताओं से चिह्नित होता है ।

नीचे दिये हुए कूट से सही उत्तर चुनिये :

(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं एवं (R), (A) की सही व्याख्या है

(B) (A) सही है परन्तु (R) गलत है

(C) (A) तथा (R) दोनों सही हैं एवं (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

(D) (A) गलत है परन्तु (R) सही है

89. केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह (Amit Shah) ने जोधपुर में 11 फुट ऊँची प्रतिमा का अनावरण किस महान व्यक्तित्व की स्मृति में किया ?

(A) छत्रपति शिवाजी महाराज

(B) पन्ना धाय

(C) सरदार वल्लभभाई पटेल

(D) महाराणा प्रताप

90. किसी भी राजनीतिक दल को भारत में राष्ट्रीय दल के रूप में मान्यता प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-से शर्तें वैध हैं ?

1. पार्टी को लोकसभा या राज्य विधानसभा चुनावों में चार या अधिक राज्यों में कम से कम छह प्रतिशत वोट मिले हो और एक से अधिक राज्यों से लोकसभा में कम से कम चार सीटें हासिल की हो ।
2. पार्टी ने कम से कम तीन राज्यों से लोकसभा की कुल सीटों का दो प्रतिशत जीता हो ।
3. पिछले लोकसभा आम चुनावों में, पार्टी ने किसी एक राज्य में आवंटित प्रत्येक 25 सीटों में से कम से कम एक सीट जीती हो ।
4. पार्टी को चार या अधिक राज्यों में राज्य स्तरीय दल के रूप में मान्यता प्राप्त हो ।

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें :

(A) 1, 2 और 3

(B) 1, 2 और 4

(C) केवल 1 और 2

(D) 1, 3 और 4

91. अस्थायी परजीवी हैं

(A) होस्ट के शरीर की सतह पर रहते हैं

(B) स्वतंत्र रूप से रहते हैं लेकिन अवसर आने पर परजीवी बन जाते हैं

(C) केवल भोजन के लिए होस्ट के पास आते हैं

(D) होस्ट के अंदर अपना जीवन चक्र पूरा करते हैं

92. निम्नलिखित शब्द किस इतिहासकार ने लिखे हैं ?

*"किसी भी देश के इतिहास में 'युगों' की परिभाषा और सीमांकन समस्याग्रस्त मुद्दे हैं । भारत के मामले में यह विशेष रूप से इसलिए रहा है क्योंकि हमारे इतिहासकारों ने, जो शुरू से ही अंग्रेज़ थे, यूरोपीय अनुभव से प्राचीन/मध्यकालीन/आधुनिक के अत्यंत अनुपयुक्त प्रतिमान को उधार लिया और तीन अन्य 'युगों' – हिंदू, मुस्लिम और ब्रिटिश का आविष्कार करके मामले को और जटिल बना दिया ।"*

(A) सुमित सरकार

(B) तपन रायचौधरी

(C) आर. सी. मजूमदार

(D) बिपन चंद्र

93. किस वैज्ञानिक ने स्वतंत्र रूप से कार्य किया और डार्विन के समान निष्कर्ष पर पहुँचे ?

(A) ग्रेगर मेंडल

(B) अल्फ्रेड रसेल वालेस

(C) जीन लैमार्क

(D) ह्यूगो डी व्रीस

94. कर्कोटा राजवंश के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।

1. दुर्लभवर्धन, जिन्हें प्रज्ञादित्य के नाम से भी जाना जाता है, इस राजवंश के संस्थापक थे ।
2. ललितादित्य मुक्तापीड़ ने तुर्कों को हराया और अनंतनाग में मार्तंड सूर्य मंदिर का निर्माण कराया ।
3. वज्रादित्य के शासनकाल में दक्कन में क्षेत्रीय विस्तार हुआ ।
4. जयपीड़ ने अत्यधिक कर लगाया, जिससे उनका शासन कमजोर हो गया ।

उपरोक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(A) केवल 3 और 4

(B) केवल 2 और 4

(C) केवल 1 और 2

(D) केवल 1, 2 और 4



Scanned with OKEN Scanner

**95.** निम्नलिखित में से कौन-सा वर्णक प्रकाश संश्लेषण में मुख्य रूप से शामिल होता है ?

(A) क्लोरोफिल b

(B) ज़ैंथोफिल

(C) क्लोरोफिल a

(D) कैरोटीन

**96.** शिशु, तरुण तथा किशोर नामित उपक्रम सम्बन्धित हैं

(A) आई. डी. बी. आई.

(B) सहकारी बैंक

(C) नाबार्ड

(D) मुद्रा बैंक

**97.** नहपान के समय, महाराष्ट्र में सुवर्ण और कार्षापान के बीच विनिमय दर क्या थी ?

(A) 1 : 15

(B) 1 : 25

(C) 1 : 10

(D) 1 : 35

**98.** न्यूज़ीलैंड के बे ऑफ प्लेंटी में स्थित आंशिक रूप से डूबे ज्वालामुखी जो "अत्यधिक अशांति" के दौर से गुज़र रहा है, उसे Whakaari के अलावा किस नाम से जाना जाता है ?

(A) ब्लू आइलैंड

(B) ग्रीन आइलैंड

(C) व्हाइट आइलैंड

(D) रेड आइलैंड

**99.** कीटों में अपूर्ण कायांतरण (मेटामोर्फोसिस) के चरणों का सही क्रम क्या है ?

(A) अंडा – लार्वा – वयस्क

(B) अंडा – निम्फ – वयस्क

(C) अंडा – लार्वा – प्यूपा – वयस्क

(D) अंडा – निम्फ – प्यूपा – वयस्क

**100.** अकबर के नवरत्नों के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए ।

| **व्यक्ति** | | **पदवी/योगदान** |
|---|---|---|
| 1. फैजी | – | एक फ़ारसी कवि और अनुवादक |
| 2. अबुल फ़ज़ल | – | *आइन-ए-अकबरी* के लेखक |
| 3. राजा टोडरमल | – | गृह मंत्री |
| 4. राजा मान सिंह | – | सेनाध्यक्ष |
| 5. तानसेन | – | महान संगीतकार और सांस्कृतिक हस्ती |
| 6. अब्दुल रहीम ख़ान-ए-ख़ाना | – | वित्त मंत्री |

ऊपर दिए गए युग्मों में से कौन-से सही हैं ?

(A) केवल 1, 2, 4 और 5

(B) केवल 3 और 6

(C) केवल 1, 2, 4 और 6

(D) 1, 2, 3, 4, 5 और 6



Scanned with OKEN Scanner